समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# हरिपुरा मे पुंण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर पार्क के निर्माण कार्य का विधायक गोपाल शर्मा ने किया निरीक्षण।

Publisher

Published on 28 May 2025



## 31 मई को अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर स्थापित की जाएगी प्रतिमा।

सवांदाता,जयपुर,राजस्थान

**जयपुर (राजस्थान), 28 मई 2025:**सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के **हरिपुरा** स्थित निर्माणाधीन **पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर पार्क** में जारी विकास कार्यों का निरीक्षण **विधायक गोपाल शर्मा** द्वारा किया गया। यह पार्क आगामी **31 मई को अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती** के पावन अवसर पर जनता को समर्पित किया जाएगा, जिसमें **लोकमाता अहिल्याबाई जी की भव्य प्रतिमा** स्थापित की जाएगी।

**सौंदर्यीकरण और नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान**

निरीक्षण के दौरान विधायक गोपाल शर्मा ने पार्क के **सौंदर्यीकरण, हरियाली, पथ निर्माण, बैठने की सुविधाएं और विद्युत व्यवस्था** सहित समस्त कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित हेरिटेज **नगर निगम एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम** के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता सर्वोच्च होनी चाहिए और समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण किया जाए।

**नागरिकों के लिए बनेगा विश्राम स्थल और सांस्कृतिक प्रेरणा केद्रं**

**विधायक गोपाल शर्मा** ने कहा कि यह पार्क न केवल क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाएगा, बल्कि आमजन के लिए एक आदर्श विश्राम स्थल के रूप में विकसित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि **लोकमाता अहिल्याबाई होलकर** की **नैतिकता, सेवा और सुशासन** से प्रेरणा लेकर यह पार्क युवाओं और समाज के लिए एक सांस्कृतिक प्रेरणा केंद्र का कार्य करेगा।

**स्थानीय नागरिकों मे उंत्साह, सामाजिक संगठनों ने जताया आभार**

पार्क निरीक्षण के समय कई **स्थानीय नागरिक, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि** उपस्थित थे। सामाजिक संगठनों ने **विधायक गोपाल शर्मा** का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यों से न केवल क्षेत्र का विकास होता है, बल्कि **इतिहास, संस्कृति** और **सम्मान** को भी संजोकर रखा जा सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.